# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 17 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 22 जुलाई 2025 से 28 जुलाई 2025 तक


## इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशे के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु किये जा रहे है नित नए प्रयास




आदित्य शर्मा - 8224951278


इंदौर - नशे के विरुद्ध तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जनचेतना लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के पुलिस द्वारा चलाये जा रहे "नशे से दूरी है ज़रूरी" के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत कर, नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करने के लिये नित नए प्रयास कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 20 जुलाई 2025 को नगरीय इंदौर के विभिन्न ज़ोन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके तहत- शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर भी नशे के विरूद्ध जागरूकता को लेकर एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी सराफा श्री एस.एस. रघुवंशी व टीम के साथ वहां उपस्थित आम नागरिकों को नशे के विभिन्न दुष्प्रभावों की जानकारी दी और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर, हमेशा नशे से स्वयं दूर रहने के साथ साथ अपने परिजनों को भी दूर रखने के लिएल प्रेरित किया गया।

पुलिस थाना लसूड़िया क्षेत्रान्तर्गत बोल बम कावड़ यात्रा में थाना प्रभारी लसूड़िया तारेश सोनी व टीम ने सम्मिलित होकर, वहां उपस्थित जनसमुदाय को नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुए सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। पुलिस थाना छोटी ग्वालटोली द्वारा क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के आसपास पर नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला भी थाना प्रभारी संजू कमल व टीम के साथ गणमान्य नागरिकों ने बनाई और वहां से निकलने वाले राहगिरों व आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए, हमेशा नशे से दूर रहने की समझाईश भी दी। पुलिस थाना तेजाजी नगर द्वारा क्षेत्र में खंडवा रोड़ नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला कावड़ यात्रियों व आम नागरिकों के साथ बनाई और वहां से निकलने वाले राहगिरों व आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए, हमेशा नशे से दूर रहने की शपथ भी ली। पुलिस थाना अन्नपूर्णा द्वारा क्षेत्र में पुखराज पैलेस के सामने नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला आम नागरिकों के साथ बनाई और सभी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते किया।

पुलिस थाना पलासिया द्वारा क्षेत्र में नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला आम नागरिकों के साथ बनाई और सभी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते किया। पुलिस थाना छत्रीपुरा द्वारा क्षेत्र के गंगवाल बस स्टैंड के पास में नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला आम नागरिकों के साथ बनाई और सभी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते करते हुए, शपथ भी दिलवाई। पुलिस थाना संयोगितागंज द्वारा क्षेत्र के प्रकाश नगर रहवासियों व हॉस्टलर्स के साथ नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला बनाई और लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते करते हुए, शपथ भी दिलवाई। पुलिस थाना खजराना द्वारा क्षेत्र के एथिक्स लाइब्रेरी के स्तडेंट्स के साथ नशे के विरूद्ध जनजागरूकता हेतु एक मानव श्रृखला बनाई और लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते करते हुए, शपथ भी दिलवाई।

अति. पुलिस उपायुक्त क्राईम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया व टीम द्वारा INMO द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम INMO के आंगन में पहुच करीब 100 महिलाओं को नशे के विभिन्न शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक व मानसिक दुष्प्रभावों से रूबरू करवाया उक्त अभियान के तहत शहर के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा हर जाति और वर्ग के आम नागरिकों के बीच जाकर, उन्हें नशे के नकारात्मक पक्ष से अवगत करवाते हुए उनसे अपील की जा रही है कि, आप स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें और इस सामाजिक बुराई को हटाने के इस अभियान में सहभागी बनें।

## "महिला सशक्तिकरण हमारी आधुनिक नहीं वरन प्रमाणिक सनातन संस्कृति का घोतक है - डॉ भरत शर्मा"







भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का भारतीय महिला नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) प्रकल्प, जिसका उद्देश्य करियर महिलाओं के लिए सबसे बड़ा नेटवर्क बनना है, द्वारा कलाकक्ष स्टूडियो में आयोजित कला प्रदर्शनी - "Empower Her Art" के उद्घाटन अवसर में बतौर मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य- डॉ भरत शर्मा ने माँ सरस्वती पूजन और द्वीप प्रज्वल्लित कर अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में ईश्वरीय रूप में ज्ञान, वैभव और शक्ति का पर्याय माँ रूपेण देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और देवी दुर्गा को माना गया है। सृष्टि की जनक और प्रकृति की जीवनदायिनी नदियों को, कामधेनु गाय को और भूमि को भी माँ का दर्जा दिया गया है। हमारे शास्त्र कहते है - "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ॥" अर्थात् जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। जहां उनका सम्मान नहीं होता, वहां सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। आज वही नारी शिक्षा के अभाव, पदोन्नति अथवा अवसर प्राप्ति में लिंगभेद, हिंसा की कुरीतियों आदि से यदि झूझती दिखायी देती है तो वह हमारी सनातनी संस्कृति से विरोधाभासी है। आज भी मदर टेरेसा, एनी बेसेंट, रानी लक्ष्मीबाई, माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कल्पना चावला, निर्मला सीताराम, सुषमा स्वराज, सरोजिनी नायडू, लता मंगेशकर, साइना नेहवाल, किरण बेदी, मैरी कॉम, विजयलक्ष्मी पंडित, अहिल्याबाई होलकर जैसे कई उदाहरण भारतवर्ष की सफल और अनुकरणीय नारीशक्ति के प्रतीक है ।

"जब डॉ भरत शर्मा ने प्रदर्शनी स्थल में कार्यरत किसी सफाईकर्मी से दीप प्रज्वलन ने सहभागिता करने के लिए आग्रह किया तो पूरे सभागार में उसकी सहभागिता होने पर तालियों की गूंज सुनाई दी और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों ने इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की।" आपने इस अवसर पर आयोजकों को बधाई देते हुए समय समय पर ऐसे आयोजन करने की सलाह दी जिससे हमारे देश की प्रतिभाओं को ना केवल मंच मिले वरन् उनके उद्योग के प्रकल्प को भी सार्थकता मिले। डॉ भरत शर्मा का स्वागत भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की भारतीय महिला नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) की मध्यप्रदेश विंग की अध्यक्षा विदिता सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर किया और उपाध्यक्षा प्राची कासलीवाल दशोरा ने स्मृति चिह्न प्रदान किया। उक्त अवसर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से पधारे कलाकरों मधु माथुर, स्नेहा अग्रवाल, शिविका गुप्ता, सुरुचि जैन, हिमांशी डगरिया, नेहा अग्रवाल, श्वेता मलिक, ख़ुश्बू भिकोंडे, नीना कुमरावत, ऋचा जैन, विदिता सिंह आदि ने पारंपरिक चित्रकला जैसे मांडना, मधुबनी, पिथोरा, कलमकारी, कालीघाट, और पेन स्केच, तंजोर के अलावा आधिनिक तकनीक से विभिन्न प्रकार के फाइन आर्ट और रेसिन आधारित विभिन्न माध्यमों से अपनी कला का उम्दा प्रदर्शन किया । उक्त अवसर पर सीआईआई के वेस्टर्न रीजन के अध्यक्ष पंकज गोयल, पंजाब ज्वैल्स की डायरेक्टर अनुभा आनंद, पूर्व सीएमओ डॉ अशोक डागरिया, इतिहासकार ज़फ़र अंसारी, उद्योगपति राजेश भार्गव, अभिमन्यु सिंह गढ़ा और बड़ी संख्या में भारतीय महिला नेटवर्क की सदस्य और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वरिष्ठ पदाधिकारी की विद्यमानता रही ।

# जिला पत्रकार संघ झाबुआ द्वारा आयोजित किया गया प्रकृति संरक्षण कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह

राजेश सोनी





झाबुआ : जिला पत्रकार संघ झाबुआ के तत्वावधान में आयोजित प्रकृति संरक्षण कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला पुलिस अधीक्षक पदम विलोचन शुक्ल ने प्रेस और पुलिस के बीच समन्वय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पुलिस और पत्रकार एक ही सिक्के के दो पहलू है। समाज में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को सुचारू बनाए रखने में दोनों की अहम भूमिका होती है । जिले के ग्राम करवड़ के समीप स्थित मां नागनेचा माता मंदिर परिसर में कलाजी धाम के गादीपति ठा.प्रतापसिंह राठौर के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों ने महती संख्या में भागीदारी की तथा अतिथियों के साथ बिल्वपत्र, नीम, आंवला ,करंज आदि प्रजातियों के पौधे रौपे।

कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा मां नागनेचा तथा कलाजी महाराज का पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी, महासचिव अक्षय भटट,उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह गौड, वरिष्ठ पत्रकार मनोज जानी, राजेश वैध, आयोजन इकाई के घुघरी इकाई अध्यक्ष विरेन्द्र बसेर, गोपालदास वैरागी, करवड इकाई अध्यक्ष अंकित भण्डारी, राजेश शर्मा, अरूण पाटीदार, अरूण पाटीदार, प्रिंस माण्डोत, विनोद शर्मा, पवन मेलीवार, अंकित श्रीमाल, झाबुआ से मुज्जमिल खान, मयंक भावसार, थांदला अध्यक्ष मनीष अहिरवार, शाहिद खान, मेघनगर से निसार खान पठान, पेटलावद से अध्यक्ष निर्मल व्यास, जितेश विश्वकर्मा, संजय पी लौढा,मोहन पड़ियार राकेश गेहलोत, तन्मय चतुर्वेदी, धर्मेश सोनी, तरूण चौधरी, बामनिया से उत्सव सोनी, अध्यक्ष जीतू वैरागी, कल्याणपुरा से उमेश चौहान, रंभापुर से दशरथ कट्ठा, भूपेन्द्र बरमंडलिया, कुन्दनपुर से राधेश्याम परिहार, खवासा अध्यक्ष मुकेश चौहान, प्रद्युमन वैरागी, भामल से सुनिल सोलंकी,



रायपुरिया से राधेश्याम पाटीदार, दूधी से सुनिल गरवाल, जामली से राहुल राठौर, जितेन्द्र राठौर, बरवेट से जगदीश प्रजापति, सारंगी से अंतिम बसेर, विमल पाटीदार , करडावद से हेमंत राठौर सहित जिले भर के विभिन्न स्थानों से आए पत्रकारों ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण करते हुए जिला पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों का कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है, बहुत कठिन परिस्थितियों में पत्रकारों को समाचार संकलित करना पडते है ऐसे में पुलिस का सहयोग पत्रकारों के कार्य को आसान बना देता है। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में सहायक पुलिस अधीक्षक गिरीश जेजुलकर ने कहा कि पुलिस और पत्रकारों का संवाद सुरक्षा के अच्छे वातावरण का निर्माण करता है ।कलाजी धाम के गादीपति ठा. प्रतापसिंह राठौर ने भी आर्शीवचन कहे। वरिष्ठ पत्रकार मनोज जानी , राजेश वैध एवं पत्रकार व कवि निसार खान पठान द्वारा अपने उदबोधन में पुलिस और पत्रकारों को लेकर अपनी बात रखी।

मुख्य अतिथि एसपी शुक्ल ने कहा कि पत्रकारों के बीच में हदय से अपनी बात रखना चाहता हूं, वास्तव में पत्रकार और पुलिस दोनों एक दूसरे के पूरक है और दोनों के समन्वय से लोकसुरक्षा की दिशा में अच्छे परिणाम मिल सकते है। इस अवसर पर पेटलावद थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया, करवड चौकी प्रभारी प्रहलादसिंह चुण्डावत भी आयोजन में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के उत्तरार्ध में जिला पत्रकार संघ की ओर से एसपी शुक्ल का उनके सामाजिक सरोकारों के लिए शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कलाजी धाम के गादीपति ठा.प्रतापसिंह राठौर का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिंह के साथ सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के जिला महासचिव अक्षय भटट ने किया। आभार घुघरी अध्यक्ष विरेन्द्र बसेर एवं करवड़ अध्यक्ष अंकित भण्डारी ने व्यक्त किया।




## नव संकल्प शिविर में मांडव जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जगह जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया नव संकल्प शिविर में मांडव जाते समय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का टीही,कुवाली, कुटी, मानपुर, दर्जनपुरा और अन्य जगह जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रास्ते भर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, विधायक अजयसिंह राहुल भैय्या, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का स्वागत जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, जीतू ठाकुर,कमल चौधरी, बैकुंठ पटेल,रमेश सिसोदिया, रमेश पटेल, गोविंद टेलर,यादवसिंह चौहान, महेंद्र गोस्वामी, अनुप जाट,सतीश जाट, मनमोहन गुनावत, धर्मेंद्र बिरथरे, मनीष शर्मा,लोकेश जाट, राहुल दादक, प्रकाश चौधरी, विलीन पाटीदार, भगवान चौधरी,मनोहर गावड़,महेश निनामा, जगदीश राठौर, चेतन मुकाती, ओम पटेल, दीपक सेठ, रवि पटेल, कृष्णा चौधरी, मुरारी पटेल, जगदीश चौधरी, पप्पू चौधरी, अंतर यादव, महेंद्र यादव, अरविंद गुनावत, मनीष डावर इत्यादि सैकड़ो जनों ने जगह-जगह तिलक लगाकर ढोल धमाकों के साथ पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।





रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 22 जुलाई 2025 से 28 जुलाई 2025 तक





# बोल बम लहरी...

कॉंवड़ यात्रा

बाणेश्वरी

# शिवमय हुआ इंदौर

हर हर महादेव







आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स
सह. संपादक

## बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा का इतिहास

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं पर आधारित है। माना जाता है कि इसकी शुरुआत भगवान शिव के भक्त परशुराम ने की थी, जिन्होंने गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया था। कुछ अन्य मान्यताओं के अनुसार, रावण भी एक कांवड़िया था, जिसने कैलाश पर्वत को उठाने की कोशिश के बाद भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए गंगाजल से उनका अभिषेक किया था।

### संक्षेप में, कांवड़ यात्रा का इतिहास

#### पौराणिक कथा

समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया था, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया था। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवताओं ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया था।

»» परशुरामः एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया था, जिससे कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई।

»» रावणः एक अन्य कथा के अनुसार, रावण ने कैलाश पर्वत को उठाने की कोशिश के बाद भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ में गंगाजल भरकर उनका अभिषेक किया था।

»» श्रवण कुमारः कुछ लोगों का मानना है कि श्रवण कुमार ने भी अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाते समय गंगाजल लाकर शिव का अभिषेक किया था।

सनातनी विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में विगत 23 वर्षो से निकाली जा रही भव्य बानेश्वरी कावड़ यात्रा जिसमे पाच हज़ार भक्तों द्वारा महेश्वर से माँ नर्मदा का जल भर कर बाबा महाकाल को अर्पित किया जाता हे...



### कांवड़ यात्रा का महत्व

कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है, लेकिन भक्त इसे भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक तपस्या के रूप में करते हैं।

### >> आजकल की कांवड़ यात्रा

आजकल, कांवड़ यात्रा एक विशाल धार्मिक आयोजन बन गई है, जिसमें लाखों भक्त "हर हर महादेव" और "बोल बम" का जयकारा लगाते हुए गंगाजल लेकर शिव मंदिरों तक जाते हैं। यात्रा मार्ग में प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाता है।

# शिवपुरी जिले के पिछोर नगर परिषद ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्राप्त किया प्रथम स्थान

## नगर परिषद पिछोर को पूरे भारत में 132वीं रैंक, मध्य प्रदेश में 108वीं रैंक

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग जारी होने के बाद, पिछोर नगर परिषद ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पूरे भारत में पिछोर को 132वीं रैंक मिली है, जबकि मध्य प्रदेश में 108वीं रैंक हासिल की है।

नगर परिषद की मेहनत और आम जनता का सहयोग- नगर परिषद पिछोर के अध्यक्ष श्रीमती कविता विकास पाठक ने बताया कि यह उपलब्धि नगर परिषद की मेहनत और आम जनता के सहयोग का परिणाम है। नगर परिषद ने स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए विशेष प्रयास किए और लोगों की शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। टिचिंग ग्राउंड की विशेष सफाई की गई, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु केंद्र से आई टीम संतुष्ट नजर आई।



जिले में प्रथम स्थान- पिछोर नगर परिषद ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि शिवपुरी को 182वीं रैंक, नरवर को 318वीं रैंक, बैराड को 329वीं रैंक, करैरा को 360वीं रैंक, बदरवास को 460वीं रैंक, कोलारस को 543वीं रैंक और खनियांधाना को 1102वीं रैंक मिली है।

मध्य प्रदेश में 108वीं रैंक- मध्य प्रदेश में पिछोर को 108वीं रैंक मिली है, जबकि नरवर को 241वीं रैंक, बैराड को 249वीं रैंक, शिवपुरी को 267वीं रैंक, बदरवास को 313वीं रैंक, करैरा को 318वीं रैंक, कोलारस को 334वीं रैंक और खनियांधाना को 370वीं रैंक मिली है।

आगामी वर्ष के लिए संकल्प- नगर परिषद स्वच्छता सर्वे में लगे स्टॉफ द्वारा आगामी वर्ष 2025 में पिछोर की रैंकिंग में और सुधार करते हुए प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचने का संकल्प लिया है। नगर परिषद पिछोर के लिए यह श्रेष्ठ प्रदर्शन नगर के लिए गर्व की बात है और नगर परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# शिवपुरी शहर में इंटरसिटी फुटबॉल प्रतियोगिता टूर्नामेंट आयोजित, आज 22 जुलाई को फाइनल - Shivpuri

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी - शिवपुरी शहर के बीचों बीच स्थित कलेक्टर के सामने पोलो ग्राउंड में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 18 जुलाई से प्रारम्भ होकर 22 जुलाई को फाइनल के साथ उक्त फुटबॉल आयोजन का सम्पन्न जिसके क्रम में फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को आयोजित की गई फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के संयोजक हरि दुबे इंटरसिटी वाले, मुकेश वशिष्ठ बर्तन वाले, समाज सेवी विनोद पुरी गोस्वामी द्वारा संचालित किया जा रहा है आज रविवार को फुटबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी में आयोजित की गई जिसमें आज का फुटबॉल मुकाबला जोश, जुनून और जीत हासिल करने के लिए खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई जिसमें आज सुबह शिवपुरी के पोलोग्राउंड में इंटरसिटी फुटबॉल प्रतियोगिता द्वारा सीनियर खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मैच खेला गया।

हिंद फुटबॉल क्लब बनाम हिंद स्टार क्लब के बीच मुकाबला गया पेनल्टी शूट तक — और हिंद स्टार क्लब ने 3-2 से शानदार जीत दर्ज की, एक जबरदस्त खेल भावना और टीमवर्क की मिसाल पेश की। तथा फुटबॉल प्रथम प्रतियोगिता शिवपुरी हिंद क्लब vs गुना के बीच खेला गया जिसमें गुना विजय हुई इसमें 4 गोल शिवपुरी की टीम द्वारा मारे गए एवं 5 गोल गुना के खिलाड़ियों द्वारा मारे गए। द्वितीय फोटवॉल मैच हुआ जिसमें बापू फुटबॉल अकादमी शिवपुरी vs









श्योपुर की टीम ने खेला जिसमें श्योपुर केफुटबॉल खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विजयश्री अपनी टीम के नाम की।

इंटरसिटी फुटबॉल प्रतियोगिता के टूर्नामेंट में आयोजित आज के टूर्नामेंट के बाद अपनी जीत दर्ज करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एवं फुटबॉल खेलने आए टीमों के खिलाड़ियों को पत्रकार ऋषि गोस्वामी और पत्रकार आरती परिहार पत्रकार सागर शर्मा द्वारा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा सभी का माला अर्पण कर स्वागत भी किया साथ ही शिवपुरी शहर में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने वाली समिति के सदस्यों को बधाई दी। शानदार जीत, शानदार टीमवर्क प्रतिभा को उजागर करते हुए विजेता रहीम दोनों टीमों को पत्रकार ऋषि गोस्वामी पत्रकार आरती परिहार पत्रकार सागर शर्मा द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर इंटरसिटी फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजित टूर्नामेंट में रविवार की सुबह एकादशी ऋषि गोस्वामी के साथ आरती परिहार पत्रकार और सागर शर्मा द्वारा टूर्नामेंट में उपस्थित सभी सम्मानीय अतिथियों का माला पहनकर सम्मान किया।

# बिगिनर्स कोर्स का भारत स्काउट एवं गाइड ने किया आयोजन

संजय प्रेम जोशी

हाटपीपल्या नि प्र,_नगर के पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ देवास के द्वारा विकासखंड स्तरीय बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया । जिसमें 75 स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया । आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरि सिंह जी भारतीय के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम में अतिथि श्री एन पी सिंह पूर्व विकास खंड शिक्षा



अधिकारी, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज जोशी,जिला डी ओ सी मनोज पटेल,जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई,सह सचिव अश्विन घोड़पड़े,की आथित्य में हुआ कोर्स में पधारे प्रतिभागी शिक्षकों को जिला संगठन आयुक्त मनोज पटेल के द्वारा स्काउटिंग गाइडिंग के विषय से संबंधित जानकारी स्काउटिंग गाइडिंग के आधारभूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की संक्षिप्त इतिहास, स्काउट गाइडिंग क्या है इसकी जानकारी दी। जिसमें प्रतिज्ञा और नियम, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट और बायां हाथ मिलाने का तरीका, वर्दी और संगठनात्मक संरचना के साथ यूनिट के गठन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी,आपातकाल एवं विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करने के गुर सिखाए इसमें रस्सी में कई तरह की गांठों को बांधना, सीमित साधन से टेंट बनाकर रहना, राहत एवं बचाव कार्य करना, आग से बचाव, बाढ़ एवं भूकंप से बचाव में प्रयोग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।जिला संगठन आयुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण को लेने के बाद प्रशिक्षित शिक्षक अपने विद्यालय में स्काउट गाइड के यूनिट का गठन कर बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग के संदर्भ में जानकारी प्रदान कर उन्हें एक योग्य और व्यवस्थित नागरिक बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। जितेंद्र मंडलोई ने युवा वयस्क कार्यक्रम बिना बर्तन के भोजन बनाना की जानकारी दी। अध्यक्ष मनोज जोशी ने स्काउट,गाइड के माध्यम से पुरस्कारों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री अनिल चौहान,चेतन सेन, अनिल वर्मा, लोकेंद्र परिहार,शैलेन्द्र पवार ने सहयोग किया, कार्यक्रम का संचालन किया योगेश तिवारी आभार प्रियंका मुन ने माना।

# चचेरे भाई ने ही दे दी 25 लाख की सुपारीः शिवपुरी में जूस दुकान संचालक पर हुआ था जानलेवा हमला; शक था- कमाई छुपाई

**ऋषि गोस्वामी**

**शिवपुरी के चर्चित जूस दुकान संचालक कपिल मिनोचा पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। हमले की साजिश खुद कपिल के चचेरे भाई गणेश मिनोचा ने रची थी। उसने कपिल की हत्या के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने इस साजिश में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 17 जुलाई रात करीब 9:30 बजे की है। कपिल मिनोचा अपनी दुकान बंद कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह वीर सावरकर कॉलोनी की पतंजलि वाली गली में पहुंचे, दो नकाबपोश बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में कपिल की गर्दन और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। वह किसी तरह जान बचाकर भागे और पुलिस को सूचना दी। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा एएसपी संजीव मुले ने कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया।**




## खून के रिश्ते ने रची साजिश

थाना देहात प्रभारी रत्नेश यादव ने टीम के साथ घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज से दो संदिग्धों आशिफ और अरवाज खान की पहचान हुई। गिरफ्तारी के बाद आशिफ ने जो बताया, वह चौंकाने वाला था। पूछताछ में सामने आया कि हमले की साजिश कपिल के चचेरे भाई गणेश ने रची थी। गणेश पहले कपिल के साथ माधव चौक पर जूस की दुकान चलाता था। उसका आरोप था कि कपिल दुकान की कमाई छुपा लेता था और उसी पैसे से मथुरा, कोलारस और शिवपुरी में संपत्तियां खरीद लीं। इसके अलावा कपिल की पत्नी पूजा से भी गणेश की रंजिश थी, जिससे नाराज होकर उसने हत्या की साजिश रच डाली।

## 25 लाख की सुपारी, 50 हजार एडवांस

गणेश की मुलाकात आशिफ से हुई, जिसने हत्या के लिए हामी भर दी। आशिफ ने अपने साथी अरवाज को भी जोड़ा। गणेश ने हत्या के लिए 25 लाख रुपए में सौदा तय किया और 50 हजार एडवांस दे दिए। इसके बाद दानिश और छुन्ना उर्फ अजीत शाह को भी साजिश में शामिल किया गया। आरोपियों ने घटना से पहले कपिल की कई बार रैकी की। 10-15 दिन पहले भी एक बार हमला करने की कोशिश की गई थी, लेकिन लोगों की मौजूदगी के कारण वे नाकाम रहे। 17 जुलाई की रात जब कपिल लौट रहे थे, तब आशिफ और अरवाज उनकी लोकेशन दानिश और छुन्ना को देते रहे। जैसे ही कपिल गली में पहुंचे, दानिश और छुन्ना ने उन पर हमला कर दिया। हमले में चाकू टूट गया और सभी आरोपी भाग निकले।

## आरोपी गिरफ्तार, दो पर पहले से केस

वारदात के बाद सभी आरोपी अरवाज के टेंट गोदाम में मिले और फिर अपने-अपने घर चले गए। पुलिस ने सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरी के आधार पर सभी को पकड़ लिया। अरबाज और छुन्ना के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# धोवी समाज के बरैठा बाबा ने ली थी जिंदा समाधि, अब खूबत बाबा के नाम से पूरे देश में प्रसिद्ध

शिवपुरी / शिवपुरी जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर सुप्रसिद्ध मंदिर खूबत बाबा पर रजक समाज के द्वारा एक बैठक रखी गई, खूबत बाबा का इतिहास रजक समाज से जुड़ा हुआ है अभी वर्तमान में खूबत बाबा मंदिर पर मंदिर की मर्यादा को कुछ असामाजिक तत्व किस्म के लोगो द्वारा भंग किया जा रहा है जैसे मंदिर में ही दारू पीना, मीट खाना, शराब पीकर मंदिर में ही सोना, गंदगी फैलाना, साथ ही मंदिर पर आने वाली चढ़ोतरी को हड़प लेना, अभी वर्तमान में पूजा कर रहे रामपाल आदिवासी ने बताया कि मंदिर की अभी वर्तमान में मंदिर पर आने वाली पूरी चढ़ोतरी को दीपक शिवहरे नाम का व्यक्ति ले जाता है पिछले करीब 5 सालो से दीपक शिवहरे का परिवार ही मंदिर की चढ़ोतरी हड़प रहा है अभी तक शिवहरे ने चढ़ोतरी से मंदिर का कोई निर्माण कार्य नहीं कराया है हर दिन मंदिर पर करीब 1 हजार से लेकर 3 हजार तक की चढ़ोतरी होती है जिसे रोजाना दीपक शिवहरे नाम का व्यक्ति ले जाता है, रजक समाज के सुप्रसिद्ध खूबत बाबा मंदिर पर हुई रजक समाज की बैठक में समाज के द्वारा निर्णय लिया गया कि अब खूबत बाबा की देखरेख,साफ सफाई और चढ़ने वाले दान का समिति हिसाब रखेगी, मंदिर पर रजक समाज के खूबत बाबा का एक बोर्ड लगाया जाएगा, मंदिर पर कलर और रिपेयरिंग का काम किया जाएगा, मंदिर में एक स्टील की दान पेटी बनाकर मंदिर के अंदर ही चुनवाया जाएगा जिसे हर अगले महीने में होने वाली मीटिंग पर समिति के समस्त सदस्यों के सामने खोला जाएगा, इस पैसे से मंदिर का निर्माण कार्य, धर्मशाला, गार्डन, पानी की टंकी,और मंदिर पे पास में लोगो को बैठने की उत्तम व्यवस्था की जाएगी, रजक समाज के द्वारा अगली मीटिंग 3 अगस्त 2025 को रखी गई है जिसमें शिवपुरी, डबरा, मुरैना, भिंड, गुना,अशोकनगर,के रजक समाज के सभी लोग शामिल होंगे, 3 अगस्त को होने वाली मीटिंग में समाज अपने पैसे से मंदिर के वहार वोर्ड रजक समाज के संत खूबत बाबा का वोर्ड लगाइगी..

क्या है खूबत बाबा के मंदिर का इतिहास रजक समाज को पहले धोवी समाज से जाना जाता था इतिहास में धोवी समाज में एक संत हुआ करते थे जिनका नाम बरैठा बाबा था जिनकी पत्नी का नाम कलावती था संत बरैठा बाबा शंकर भगवान के भक्त थे और सिद्ध बाबा को अपना गुरु मानते थे वह एक बार बंगाल गए वहा से वह जादू सीख कर आए थे वह जादू उन्होंने अपनी पत्नी कलावती को भी बताई एक दिन कलावती से बरैठा बाबा ने कहा की मैं तुम्हें जादू बताता हूं बरैठा बाबा ने एक लोटा जल लिया और उसे पढ़कर अपनी पत्नी के पास रख दिया, बाबा ने बोला कि जब मैं शेर का रूप धारण कर लूं उसके बाद तुम इस जल को मेरे ऊपर छिड़क देना, लेकिन जैसे ही बाबा ने शेर का रूप धारण किया तो उनकी पत्नी कलावती डर गई और उनसे धोखे से वह जल का लोटा फैल गया, और उसी दिन से वह शेर का रूप धारण करे हुए हैं वह शेर का रूप धारण करके इस जंगल में आए और उन्होंने यहां जिन्दा समाधि लेली, एक दिन मोहन बंजारा अपने परिवार के साथ आया और वह इस जगल में रुका वह निसंतान था उसके यहां संतान नहीं हो रही थी, बाबा ने उसके सपने में आकर उसे दर्शन दिए और कहा कि अगर तेरे यहां संतान पैदा हो जाए तो मेरा एक छोटा सा चबूतरा बनवा देना जब बंजारे के यहां संतान हो गई तो उसने हंसकर बाबा का चबूतरा बनाया उसके बाद धीरे-धीरे इसका पक्का निर्माण हुआ और फिर इसे खूबत बाबा के नाम से जाना जाने लगा, शुरुआत में सतनवाड़ा के पास ममोनी गांव के रहने वाले धोवी समाज के लोगो ने इसकी पूजा की इसके बाद समय बीतता गया और फिर एक कलर को इसकी पूजा करने के लिए बोला गया इसके बाद उस कलर ने एक रामपाल आदिवासी जो मामोनी गांव का रहने वाला है उससे पूजा करने के लिए बोला और अब वर्तमान में वही पूजा कर रहा है लेकिन अब रजक समाज आने वाली 3 अगस्त 2025 से मंदिर की समिति बनाकर अब फिर से मंदिर की जिम्मेदारी लेगा, खूबत बाबा पर हुई रजक समाज की बैठक में शिवपुरी जिले के सभी समाज बंधुओ के साथ संभागीय प्रभारी दामोदर रजक, संभागीय अध्यक्ष बच्चू राम रजक, जिला अध्यक्ष अशोक रजक, युवा समिति जिला अध्यक्ष रामेश्वर रजक, युवा संभागीय अध्यक्ष जसवंत रजक, वरिष्ठ समिति सदस्य श्रीलाल रजक, कल्याण रजक, बल्लू रजक, दीपक रजक, कप्तान रजक, बृजेश रजक सचिव, कैलाश रजक महामंत्री, सत्यवान रजक आदि समस्त रजक समाज एकत्रित हुआ

# सूक्ष्म चक्रों, नाड़ी तंत्र व कुंडलिनी शक्ति का विज्ञान है सहजयोग

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने सहजयोग में मानव शरीर की संरचना की अत्यंत सूक्ष्म व्याख्या की है इस व्याख्या को आत्मसात कर हम अपने उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सामान्यतः हम सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि मानव शरीर पंचमहाभूतों (भूमि, आकाश, वायु, अग्नि व जल) से मिलकर बना है। सनातन काल से हमारे मनुऋषियों ने मानव शरीर में स्थित नाड़ियों (ईड़ा, पिंगला व सुषुम्ना) व चक्रों (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, हृदय, विशुद्धि, आज्ञा व सहस्त्रार) की व्याख्या भी की है तथा आधुनिक चिकित्सा शास्त्र ने भी हमारे तंत्रिका तंत्र की व्याख्या की है, परंतु सामान्य मनुष्य के लिए इन चक्रों, नाड़ीतंत्रों अथवा तंत्रिका तंत्रों के ज्ञान - विज्ञान को समझना इनमें सामंजस्य स्थापित करना सदैव ही अत्यंत कठिन कार्य रहा है। अतः सामान्य मनुष्य कभी भी इस भारतीय आध्यात्मिक विज्ञान से स्वयं को जोड़ नहीं सका। परंतु वर्तमान समय में श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस जटिलता को सर्वसाधारण के लिए अत्यंत सुगम बना दिया है। श्री माता जी के सानिध्य में जब हम कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करते हैं तथा नियमित ध्यान धारणा द्वारा अपना उत्थान करते हैं तब हम सहज ही परम पिता की चैतन्यता, सूक्ष्मता, पवित्रता व स्वचालित दैवीयशक्ति ऋतंभरा प्रज्ञा से एकाकार हो पाते हैं।

श्री माताजी के अनुसार, "मानव शरीर में तीन प्रकार के नाड़ी तंत्र होते हैं पहला मध्य नाड़ी तंत्र (सेंट्रल नर्वस सिस्टम) दूसरा अनुकम्पी नाड़ी



तंत्र (सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम) जिसका बायां व दांया भाग है, तीसरा पराअनुकम्पी नाड़ी तंत्र (पैरासिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम)। ('परा आधुनिक युग' - पुस्तक से)। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में उपदेशित किया है कि, "हमारे सारे चक्र जिन पीठों से संचालित होते हैं वह पीठ हमारे मस्तिष्क में स्थित है और हमारे मस्तिष्क से ही सेंट्रल नर्वस सिस्टम के साथ इन चक्रों का चलन वलन हो सकता है लेकिन होता नहीं है। पैरा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम से ही हम इन चक्रों को संचालित करते हैं।......... सत्य हमारे सेंट्रल नर्वस सिस्टम से ही जाना जा सकता है यही ज्ञान हमारी उत्क्रांति का लक्षण है बाकी सब दिमागी जमा खर्च है।" (16 /2 / 1985) हमारे जीवन में चक्रों, नाड़ियों व वाइब्रेशंस का सामंजस्य तभी रहता है जब हम नियमित ध्यान साधना करते हैं। बिल्कुल उसी प्रकार जैसे संगीत अथवा कला में नित्य साधना से ही आप उच्च स्तर को प्राप्त करते हैं। अतः ईश्वर भक्ति व आराधना भी सुख हो या दुख हर परिस्थिति में चलते रहना चाहिए। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

## सराफा पुलिस को गशत के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर शातिर चाकू बज को पकड़ा





**इंदौर**। एक तरफ जहां पुलिस गुण्डे अपराधियों पर शिकंजा कस रही है सराफा पुलिस ने आरोपी विशाल पिता मुकेश उम्र 19 साल निवासी 119-3 कुंदन नगर द्वारकापुरी थाना इंदौर से एक धारदार खटके वाला चाकू जब उक्त आरोपी को पुलिस ने अपने हिरासत में लिया तो उसके और भी अपराध हो ना पाए गए या करवाई सर्राफा सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में करते हुए थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी और उनकी टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।


# 4 महीने से लापता व्यक्ति का पुलिस नहीं लगा पाई कोई अता पता







इंदौर। थाना अन्नपूर्णा क्षेत्र के रहने वाले राजेंद्र काशीव जाति महाराष्ट्रीयन अपने घर से दिनांक तीन-तीन 2025 को घर से कहीं चले गए थे उसके बाद राजन की पत्नी श्रेया काशीव ने थाना अन्नपूर्णा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने अभी तक नहीं की कोई कार्रवाई सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस भी गुमशुदा लोगों की जानकारी नहीं निकलेगी कुछ दिन बाद श्रेया के मोबाइल पर राजेंद्र के नंबर से राजेंद्र का फोटो आता है और उसमें लिखा आता है कि इसको होश आ गया है हम इसे छोड़ देंगे इस मैसेज को देखकर परिवार वालों के होश उड़ जाते हैं तभी अधिक रात होने के कारण परिवारजन थाने पहुंचते हैं तो वहां बैठे ड्यूटी ऑफिसर के द्वारा कहा जाता है कि सोमवार को आए जब भी कार्रवाई होगी उसके पहले अभी कुछ नहीं होगा सवालिया मुद्दा पुलिस के ऊपर उठना है क्या पुलिस 24 घंटे जब नौकरी करती है तो ऐसे में फरियादी की सुनवाई क्यों नहीं करती जिससे दुखी होकर परिजन क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त डीसीपी राजेश दंडोतिया के पास पहुंचे उन्होंने तुरंत ही अपने जवानों को उक्त व्यक्ति को ढूंढने के लिए लगाया जब मीडिया ने राजेंद्र के परिजनों से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि हम लोगों को आशंका है कि बेटे पति के साथ कोई अनहोनी ना हो इसी बात को लेकर आज क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी के पास फरियाद लेकर पहुंचे हैं क्योंकि पुलिस थाना अन्नपूर्णा हमारी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है अब देखना यह है कि क्या पुलिस प्रशासन उक्त गुमशुदा राजेश को ढूंढ कर निकलेगा या नहीं।



# महेश्वर से उज्जैन तक कावड़ यात्रा में संस्था सर्वधर्म संघ ने किया कावड़ियों का स्वागत, विधायक गोलू शुक्ला को भेंट किया महाकाल का फोटो फ्रेम

रणजीत टाइम्स

**इंदौर। माँ अहिल्या की नगरी में इस वर्ष की कावड़ यात्रा एक विशेष सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर सामने आई। वर्षों से बाणेश्वरी संस्था द्वारा निकाली जा रही यह पवित्र यात्रा महेश्वर से आरंभ होकर उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर तक जाती है।**

इस बार संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। विशेष बात यह रही कि संस्था की ओर से क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक गोलू शुक्ला को महाकाल का सुंदर फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कावड़ यात्रा के माध्यम से धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। स्वागत कार्यक्रम प्रिंस यशवंत रोड पर आयोजित



किया गया, जहाँ विभिन्न धर्मों के नागरिकों एवं व्यापारियों ने मिलकर पुष्प वर्षा कर और मालाएँ पहनाकर कावड़ियों का ज़ोरदार स्वागत किया। यह दृश्य अद्भुत सामाजिक एकता का परिचायक बना। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष मंजूर बैग ने कहा, “हमारा उद्देश्य सभी धर्मों को साथ लेकर चलना है और इस पवित्र कावड़ यात्रा के माध्यम से सामाजिक सौहार्द का संदेश देना है। इस मौके पर संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग, रियाज़ खान, सूफी संत माहिर शाह वारसी, फहीम खान, रवीश पचोरिया, विनोद फुलवादिया, वसीम खान, फैजान बैग, एडवोकेट समीर बैग, मक्कू पहलवान, सोहेल पठान, गोलू शेख, हाजी रिजवान नवीन भीलवाड़े सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंजूर बैग

# परमात्मा की करुणा व प्रेम का अनुभव ही सहजयोग का लक्ष्य है



प्राचीन युग में जब लोग अपनी चेतना में ऊँचा उठना चाहते थे तो वे अत्यन्त सम्मानजनक और अच्छे होते थे। तब सभी कुछ ठीक था। संतों, पैगम्बरों और अवतरणों द्वारा कही गई सभी बातों को वे मानते थे तथा उन्हें करने का प्रयत्न किया करते थे। भारत में सोलहवीं शताब्दि में बहुत से महान सन्त हुए जो कवि थे। बारहवीं शताब्दि में भी हमारे यहाँ बहुत से महान आध्यात्मिक लेखक हुए। इन सभी संतों का मुख्य विषय यह था कि उत्थान के लिए हमें अवश्य अपना शुद्धिकरण करना चाहिए। हमें स्वयं को पवित्र करना चाहिए तो महानतम उपलब्धि जो हमें प्राप्त करनी है वह है हमारा पुनर्जन्म, हमारा आत्मसाक्षात्कार, हमारा मोक्ष। मानव जीवन का यही स्वीकृत लक्ष्य था।

लोग ये नहीं समझते कि ये बात क्यों कही गई थी और ये कार्य क्यों किया जाना चाहिए। मनुष्य को चाहिए कि सर्वशक्तिमान परमात्मा को समझे तथा उसकी करुणा, उसकी महानता और उसकी दिव्यता का अच्छा प्रतिविम्ब बनने का प्रयत्न करे। परमात्मा से योग प्राप्त किए बिना कही गई प्रार्थना बिना जुड़े टेलीफोन जैसी होती है। प्रार्थना आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति द्वारा कुण्डलिनी जागृति करके, अपने चक्रों को शुद्ध करने का एक मार्ग है। आधुनिक समय में भिन्न प्रकार के मनुष्यों ने पृथ्वी पर जन्म लिया है। बिना धर्म के मूलतत्वों को समझे, आँखें बन्द करके धर्मादेशों को मानने वाले लोग धर्मान्ध कहलाते हैं। उन्हें स्वयं को समझना होगा कि वे क्या हैं और धर्म के माध्यम से उन्हें क्या बनना है? उन्हें ये देखना होगा कि अब तक उन्होंने कैसा समाज प्राप्त किया है। किसी चीज़ का अन्धाधुन्ध अनुसरण करने का प्रयत्न यदि वे करते हैं तो वे अपने लिए भी समस्या हैं और पूरे विश्व के लिए भी उन्होंने सभी अवतरणों तथा सभी महान धर्मों को लज्जित किया है। उदाहरण के रूप में चित्त पर यदि आपने नियन्त्रण प्राप्त करना है, अपने मस्तिष्क को यदि आपने समझना है, अपने अन्दर यदि आपको चिन्तन करना है तो अहंविहीन व्यक्तित्व को माध्यम के रूप में उपयोग करना होगा। अहंविहीन व्यक्तित्व ही व्यक्ति को स्वयं को नियन्त्रित करने एवं शुद्ध करने की शक्ति दे सकता है। मानव के लिए मर्यादाओं के रूप में धर्म के दस तत्व हैं जो दस धर्मादेशों की तरह से हैं। इन धर्मादेशों का जब पतन हो जाता है तो मानव अत्यन्त भ्रमित या आक्रमक हो उठता है। सहजयोग द्वारा परमेश्वरी प्रेम का शाश्वतधर्म अन्तस में आलोकित हो उठता है और साधक स्वतः सच्चे शब्दों में धार्मिक, धर्मपरायण, नैतिक, शान्त, करुणामय और सशक्त ज्योतिर्मय व्यक्ति बन जाता है। ( श्री माताजी, 'परा आधुनिक युग' से साभार ) सहजयोग का अनुभव प्राप्त करने हेतु आप टोल फ्री नं – 1800 2700 800 से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

## सनातन धर्म को जागृत करने के लिए बेमिसाल ऐतिहासिक आदि गुरु शंकराचार्य वेब सीरीज एंड फिल्म का निर्माण



सनातन धर्म को जागृत करने के लिए एक बेमिसाल ऐतिहासिक आदि गुरु शंकराचार्य वेब सीरीज एंड फिल्म का निर्माण किया जा रहा है समस्त सनातनी भाइयों से मेरा अनुरोध है 72 से अधिक संप्रदाय इस सनातन धर्म को तोड़ने में इसको लेकर एक बालक शंकराचार्य जो सनातनी लोगों को इस भावना से जोड़ने में लगा है जी हां आज के युग में जहां लव जिहाद पढ़ रहे हैं इसी सब चीजों से हिंदू डरा हुआ है जिसको लेकर हमारा लक्ष्य की सनातन समाज फिर से अपने इस रूप में आएगी देखने वालों के होश उड़ जाए और इन नापाक का राजस्थानी को बंद कर दे इस फिल्म को और वेब सीरीज को जरूर देखें धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण हो इसी उद्देश्य से इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है जय सियाराम।

## शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना घर आश्रम पहुंचकर मनाया जन्मदिन



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। जिले में स्थित अपना घर आश्रम में पहुंचकर शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना जन्म दिवस मनाया। पुलिस अधीक्षक ने अपना घर आश्रम पहुंचकर पौधा रोपण किया एवं आश्रम में निवास कर रहे निशक्तजनों के साथ भोजन व्यवस्था में हाथ बटाने के साथ ही संगीतमय सुन्दरकाण्ड का आनंद भी लिया। वहीं सी न्यूज से खास चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने अपना घर परिवार में निशक्तजनो की सेवा करने वाले समाजसेवकों की प्रशंसा करते हुए उनके इस नेक कार्य को सराहा।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार
22 जुलाई 2025 से 28 जुलाई 2025 तक



## मराठा नव निर्माण सेना के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री चंद्रकांत उर्फ़ चंदू कुंजीर जी का जन्मदिवस भजन संध्या एवं भंडारे के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया

भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं मराठा नव निर्माण सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रकांत (चंदू) कुंजीर जी का जन्मदिवस आज भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर खाटू श्याम भजन संध्या तथा साईनाथ महाराज की आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जन्मदिवस का केक काटकर उल्लासपूर्वक जन्मदिवस मनाया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय रहवासियों एवं श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लेकर आयोजन को एक भक्ति महोत्सव में परिवर्तित कर दिया।

इस विशेष अवसर पर रणजीत टाइम्स परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से उपस्थित रहेः प्रधान संपादक गोपाल गावंडे, सह-संपादक दीपक वाडेकर, नितिन बामले, मुरली फावड़े, शैलेश वर्मा, बंटी सिसौदिया मंच का संचालन विशेष रूप से सुनील पांडुरंग खंडागले जी द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर रणजीत टाइम्स की ओर से माँ अहिल्या देवी की प्रतिमा भेंट की गई। साथ ही चंदू कुंजीर जी को पगड़ी पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना, बल्कि धार्मिक आस्था एवं जनसमूह की एकजुटता का भी अद्भुत उदाहरण रहा।





## इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव बने न्याय मित्र




### मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने यातायात मामलों में की नियुक्ति

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा इंदौर शहर से जुड़े यातायात से संबंधित मामलों में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव को न्याय मित्र (Amicus Curiae) के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य न्यायालय को निष्पक्ष, तथ्यपरक और विशेषज्ञ सलाह प्रदान करना है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में यातायात प्रबंधन, शहरी विकास तथा जनहित के मुद्दों पर संतुलित और सूचित निर्णय लिया जा सके। उच्च न्यायालय ने यह निर्णय यातायात व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं, एवं इससे जुड़े जनहित याचिकाओं को दृष्टिगत रखते हुए लिया है। महापौर के अनुभव और शहरी विकास में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए न्यायालय ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

उक्त प्रकरण में अगली सुनवाई मंगलवार को निर्धारित की गई है, जिसमें न्यायालय के समक्ष विभिन्न पक्षों की दलीलों के साथ महापौर द्वारा प्रस्तुत सुझावों और तथ्यों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह मामला न केवल यातायात और अवसंरचना से जुड़ा है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भागीदारी और उनके सुझावों को भी विशेष महत्व दिया जा रहा है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## अखंड रामायण का पाठ शुरू




इंदौर। पवन टेकरी हनुमान मंदिर मेट्रो स्टेशन के सामने गांधीनगर में द्वितीय सोमवार को वर्षा के लिए अखंड रामायण का पाठ शुरू हुआ आश्रम के महंत श्री शत्रुघ्न दास महाराज ने बताया कि इंदौर में वर्षा नहीं हो रही है इसीलिए इंद्रदेव को मनाने के लिए अखंड रामायण का पाठ आश्रम में किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के भक्ति मय जनता और विद्वान पंडित लोग हिस्सा ले रहे हैं सोमवार को संध्या के समय भगवान भोलेनाथ की मां आरती संपन्न हुई इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )